वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 256 | शनिवार 13 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# करियर डे पर स्टूडेंट्स ने लगाई गोलगप्पे-चाट की स्टॉल

### शिक्षा मंत्री पहुंचे तो बोले- इन सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी, भविष्य में बेहतर करने की कोशिश होगी

**जयपुर. कासं।** राजस्थान के सरकारी स्कूलों में विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) को करियर डे के रूप में मनाया गया। इसके तहत सीनियर सेकेंडरी सरकारी स्कूलों में अलग-अलग इंडस्ट्रीज के विशेषज्ञ द्वारा काउंसलिंग, रोजगार और विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही भविष्य के अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराने का फैसला किया गया था। वहीं, जयपुर के गांधीनगर स्थित सरकारी स्कूल में 11वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स ने गोलगप्पे, फ्रूट चाट और चना मसाला की स्टॉल लगाई। यहां शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। दरअसल, शिक्षा विभाग की तरफ से इस साल पहली बार विवेकानंद जयंती के मौके पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया है। जब मदन दिलावर से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- शिक्षा विभाग का मंत्री बनने के बाद यह मेरा पहला कार्यक्रम है। इन सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। उद्देश्य अच्छा है, लेकिन इसको बहुत अच्छा करने के लिए बहुत कुछ सुधार की जरूरत है। भविष्य में बेहतर करने की कोशिश की जाएगी। दरअसल, राजस्थान में शिक्षा विभाग द्वारा सीनियर सेकेंडरी 17500 स्कूलों में राष्ट्रीय युवा दिवस को करियर डे के रूप में मनाने का फैसला किया गया था। इस दौरान कॉमर्स, आर्ट्स और साइंस के स्टूडेंट्स के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें करियर के प्रति जागरूक करना था। जयपुर के सरकारी स्कूल में गोलगप्पे, पोहे और चना मसाला की स्टॉल लगवा कर शिक्षा विभाग ने खुद की कार्यशैली पर ही सवाल खड़े कर दिए। इस दौरान जब शिक्षा मंत्री स्टूडेंट से मिलने पहुंचे। तब बाकायदा स्टूडेंट्स ने उन्हें प्रति प्लेट चना मसाला और गोलगप्पे की रेट बता डाली। जिस पर मंत्री जी ने भी मोलभाव कर गोलगप्पे का स्वाद रखा। जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार हंस ने बताया- स्कूलों में टीचर्स को स्टूडेंट्स को गाइड करने की जिम्मेदारी दी गई थी। जो भी सीनियर टीचर विशेषज्ञ हैं, वह स्टूडेंट्स को उनके करियर में बेहतर विकल्पों की जानकारी देंगे। इस तरह की गाइडलाइन जारी की गई थी। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- 22 जनवरी के दिन राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को पूरा देश बना रहा है। देश में ही विद्यालय भी शामिल है। ऐसे में शिक्षा विभाग भी इसमें पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी के दिन अवकाश को लेकर भी चर्चा चल रही है। लेकिन अंतिम फैसला मुख्यमंत्री स्तर पर ही होगा।



## प्रदेश में 4500 करोड़ की सड़कों के काम शुरू होंगे

**जयपुर. कासं**

प्रदेश में नए टेंडर और वर्क ऑर्डर पर लगी रोक के बीच अब सड़क से जुड़े कामों में छूट देने की तैयारी है। केंद्र सरकार की सहायता से चलने वाले सड़क प्रोजेक्ट्स को जल्द शुरू किया जा सकता है। डिप्टी सीएम दीया कुमारी के आदेश के बाद पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने छह तरह के सड़क प्रोजेक्ट्स का काम शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर ली है। प्रदेश में करीब 4500 करोड़ के सड़क प्रोजेक्ट्स के कामों को जारी रखने और उन पर काम शुरू करने का प्रस्ताव तैयार किया है। डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने उन सड़क प्रोजेक्ट्स को छांटने को कहा था, जिन पर काम शुरू हो सकता हो। विभागीय स्तर पर समीक्षा में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई), सेंट्रल रोड फंड, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित छह तरह की सड़कों के काम छांटे गए हैं। इनके काम शुरू करने के लिए सीएम से मंजूरी ली जाएगी। बैठक में अवगत करवाया गया कि नेशनल हाईवे और सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से बनने वाली सड़कों का फंड केंद्र सरकार देती है। इनमें केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार प्रक्रिया अपनाई जाती है। इन योजनाओं के तहत बनने वाली सड़कों के काम सीएम से मंजूरी के बाद जारी रखे जा सकते हैं।

# इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति पर आधारित प्रदर्शनी: उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया उद्घाटन; सेमीनार में उपराष्ट्रपति होंगे शामिल





**जयपुर. कासं**

इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद की ओर से शुक्रवार को देर शाम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति पर आधारित प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी का उदघाटन उप मुख्यमंत्री प्रेम कुमार बैरवा ने किया। इस दौरान सांसद रामचरण बोहरा, विधायक गोपाल शर्मा भी मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में इलेक्ट्रोपैथी के उद्भव, विकास, दवाओं के परिणाम, वैज्ञानिक परीक्षण, रिसर्च पेपर, न्यायालय के मत, मान्यता के प्रयास, राजस्थान का एक्ट एवं इस पद्धति के विकास में सहायक लोगों सहित अनेक अच्छी जानकारियां को दशार्या गया है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष हेमंत सेठिया ने बताया कि शनिवार 13 जनवरी को इलेक्ट्रोपैथी सेमिनार का आयोजन भी करवाया जाएगा। सेमीनार सुबह 11.15 बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के मुख्य सभागार में होगी। इस राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे, वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पधारेंगे। सेठिया ने बताया कि इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक काउंट सीजर मैटी के जन्मदिवस को दुनियाभर में इलेक्ट्रोपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर जयपुर में इलेक्ट्रोपैथी सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार का विषय ''रिनल डिजीज एंड इलेक्ट्रोपैथी अप्रोच'' है।

उदयपुर टेल्स इंटरनेशनल स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल : पहला दिन...

# विलास जानवे की महाराणा प्रताप शौर्य गाथा और मीता वशिष्ठ की लल्लेश्वरी ने जगाया जादू



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय कहानियों के संसार से रचित महोत्सव 'उदयपुर टेल्स' का बहुप्रतीक्षित 5वां संस्करण बड़ी-शिल्पग्राम रोड़ स्थित पार्क एक्जोटिका में शुक्रवार को शुरू हुआ। जहां यह उत्सव कहानी कथन की शाश्वत कला को पुनर्जीवित करते हुए, विविध कहानी शैलियों का जश्न मनाता दिखाई दिया। समारोह के प्रथम दिन के पहले सत्र में ख्यात और वरिष्ठ रंगमंचीय कलाकार विलास जानवे ने मूक बधिर बच्चों के साथ उपस्थित सैकड़ों बच्चों को मेवाड़ के इतिहास और विशेष रूप से महाराणा प्रताप की कहानी सुनायी तो बच्चे रोमांचित हो उठे। बाद के विभिन्न सत्रों में राधिका बियानी और अनंत दयाल, एक विचित्र गैर-बाइनरी कलाकार, जो थिएटर उत्सवों के आयोजन और स्थानीय कलाकारों को सलाह देने के लिए जाने जाते हैं; मंत्रमुग्ध कर देने वाली कहानियाँ बुनीं जो बच्चों को कल्पना और आश्चर्य से भरी जादुई दुनिया में ले गईं। इसके साथ ही, वयस्क कहानी कहने वाले खंड में निर्देशक और फिल्म अभिनेता गौतम अग्रवाल द्वारा असाधारण प्रदर्शन किया गया, जो रहस्यमय, भौगोलिक और ऐतिहासिक खोजों पर अपने शोध के आधार पर कहानियों को गढ़ने के लिए प्रसिद्ध हैं; उल्का मयूर, जो रंगमंच, संगीत और नृत्य के तत्वों का उपयोग करके लोककथाओं, मिथकों, सूफी परंपरा की कहानियों, समकालीन कहानियों और मूल कहानियों को प्रस्तुत करने के लिए प्रसिद्ध हैं। एक प्रखर थिएटर कलाकार और फिल्म एवं टीवी अभिनेता मीता वशिष्ठ, राजस्थान के एक स्वतंत्र कलाकार जो अपने भावपूर्ण लोक संगीत के लिए पहचाने जाने वाले राहगीर ने अपनी प्रस्तुतियों से अलग रंग जमाया। उत्सव का अन्य मुख्य आकर्षण जीवंत बाजार और जामघाट क्षेत्रों पर केंद्रित रहा, जिसमें प्रसिद्ध ब्रांड और कलाकारों की स्टाल श्रृंखला शामिल थी। इनमें नेहा काबरा की माटी, दृष्टि भट्ट की नॉट सो इजी, बोगेनविले आर्ट गैलरी, कृति मनन नाहर की फिकरी और बेजो, माहरू सिल्वर ज्वेलरी, पटोला साड़ी, रियास जयपुर और कई अन्य प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं। ये क्यूरेटेड स्टॉल उत्सव में उपस्थित लोगों के लिए एक विविध और समृद्ध खरीदारी



अनुभव का वादा करते हैं। उदयपुर टेल्स की सह संस्थापक सुष्मिता सिंघा ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को मनमोहक प्रस्तुतियों से भरा रहेगा। जिसके प्रथम सत्र में असीमा भट्ट, आशुतोष पांडे और अनंत दयाल बच्चों सहित बड़ों को कहानियां सुनायेंगे वहीं शाम को सैयद साहिल आगा, आधार खुराना, शिखा तलसानिया, रोहिणी रामनाथन, हेमा सुब्रह्मण्यम, जिया नाथ और सनातन चक्रवर्ती अलहदा प्रदर्शन करेंगे।
**रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# आचार्य वर्धमान सागर जी के सानिध्य में जैन युवा रत्न हसमुख जैन गांधी इंदौर तीर्थ सेवी सम्मान से सम्मानित

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

सलूंबर, बांसवाड़ा। इंदौर की दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं देश प्रदेश के अनेक जैन तीर्थों के ट्रस्टी, पदाधिकारी श्री हसमुख जैन गांधी इंदौर द्वारा पांच दशक से धर्म ,समाज, संस्कृति और तीर्थों के विकास एवं संरक्षण के क्षेत्र में की जा रही सेवाओं के लिए प्रभावना जनकल्याण परिषद द्वारा उदयपुर राजस्थान के सलूंबर नगर में समारोह पूर्वक श्रमण संस्कृति के श्रेष्ठ एवं ज्येष्ठ वात्सल्य वारिधी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री बालचंद मलैया स्मृति तीर्थ सेवी सम्मान प्रदान किया गया , इसके अंतर्गत श्री गांधी को शॉल, श्रीफल, माला, एवं पगड़ी पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं 21000 रुपए की राशि नगद प्रदान कर सम्मानित किया गया। गांधी ने सम्मान के लिए आभार प्रकट करते हुए प्राप्त सम्मान निधि में अपनी ओर से भी राशि मिलकर आगामी 2 वर्ष तक के लिए श्रुत सेवी यंग जैन अवार्ड देने की घोषणा की। इस अवसर पर आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने श्री गांधी द्वारा की जा रही तीर्थ सेवाओं एवं सामाजिक सेवाओं का उल्लेख करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और आशीर्वाद दिया। समारोह में डॉ शीतल चंद जैन, डॉक्टर मणींद्र जैन, राजेंद्र जैन महावीर, डॉक्टर सुनील संचय, राजेश रागी, सुनील शास्त्री, मनीष विद्यार्थी, सुशील मिंडा एवं सलूंबर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



# संगिनी ग्रुप द्वारा नव वर्ष पर पतंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिनांक 12 जनवरी को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर द्वारा नव वर्ष के स्वागत के साथ मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पतंग उत्सव का शानदार आयोजन किया गया। अध्यक्ष शकुंतला बिन्दायका के अनुसार लगभग 80 सदस्यों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पतंगबाजी की अनोखी छटा आसमान में बिखेरी। कोषाध्यक्ष उर्मिला ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ अर्चना के द्वारा भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। हाऊजी कार्यक्रम को बबीता और अलका के द्वारा संजोया गया। विजेताओं को पुरस्कार शकुंतला एवं प्रिया बिन्दायका के द्वारा दिए गए हर बार की भांति इस बार भी ग्रुप सदस्यों की गत 3 माह में आने वाली बर्थडे एनिवर्सरी को केक कटवाकर मनाया गया सभी सदस्यों ने शानदार स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ आज के कार्यक्रम मे पूर्ण आनंद लिया। सभी सदस्यों ने बाद में लालटेन वाली पतंग से आसमान में अलग ही समां बांध दिया कार्यक्रम में ग्रुप संरक्षक चित्रा मीनाक्षी के साथ-साथ मधु बीना शीला अनीता पुष्पा अंजना अर्चना आदि सभी सदस्यों के द्वारा व्यवस्था में सहयोग दिया और अंत में अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका ने आभार प्रकट किया।

# संस्कार प्रणेता आचार्य सौरभ सागर का जनकपुरी में भव्य मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी - ज्योति नगर जैन मंदिर में शुक्रवार को दोपहर संस्कार प्रणेता आचार्य श्री १०८ सौरभ सागर जी महाराज का बापू नगर से लालकोठी , विधान सभा , इमली फाटक होते हुए गाजे बाजे व लवाजमे के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ । जहां महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश लिये तथा प्रबंध समिति द्वारा चतुष्कोणीय रजत कलशों से पाद प्रक्षालन के बाद आरती कर भक्ति भाव के साथ स्वागत किया गया । रास्ते में जयकारों के साथ विधान सभा के स्टाफ द्वारा आचार्य श्री की मंगल आरती कर स्वागत किया गया। मन्दिर जी पहुँच कर आचार्य श्री के भगवान नेमिनाथ के दर्शन के बाद जुलूस ने धर्म सभा का रूप लिया। जहां प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने सभी का शाब्दिक स्वागत अभिनंदन किया । इसके बाद राजीव जैन गाजियाबाद मनीष बैद, अतुल सोगनी, सुरेंद्र मोदी,मनोज झंझरी, रमेश बोहरा द्वारा मंगल दीप प्रज्वलन किया गया तथा जीतू गंगवाल ने मंगलाचरण किया। आचार्य श्री ने राजुल व जानकी की वैराग्य भावना से जनकपुरी को जोड़ते हुए श्रोताओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। बापूनगर,प्रताप नगर, जय जवान, लाल कोठी, झोटवाड़ा, ज्योतिनगर आदि स्थानों के श्रावकों की विहार में सहभागिता रही।






# युवा भारत : विकसित भारत विषय पर कार्यशाला का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 12 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा भारत विकसित भारत विषय पर वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय और एस एस जैन सुबोध पी जी महाविद्यालय, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो के बी शर्मा ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश शर्मा, निदेशक, गांधी अध्ययन केंद्र, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर तथा अध्यक्ष एस पी भटनागर क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर, राजस्थान एवं कार्यशाला संयोजक डॉ अकबर अली, क्षेत्रीय निदेशक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा थे। भारत युवाओं का देश है और भारत में 47 प्रतिशत आबादी युवाओं के रूप में है। उन्होंने सभी छात्रों को कहा कि उन्हें सुखद भारत के भविष्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश शर्मा ने बताया कि युवाओं को बताया कि आप अपने अंदर सकारात्मक रूप से ऊर्जा ग्रहण करें तथा नकारात्मक बातों को अपने-अपनी दिनचर्या से निकाल दें। उन्होंने कहा की युवाओं को समय का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एस पी भटनागर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा गवर्नमेंट पोर्टल के माध्यम से भारत के सभी युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है ।जिससे सभी युवाओं को एक ही पोर्टल पर सारी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। कार्यशाला के संयोजक डॉ अकबर अली ने बताया कि युवाओं को मानसिक शांति के लिए कड़ी से कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा विकसित भारत के लिए भारत का युवा होना अत्यंत आवश्यक है।

# धर्म नगरी कामां में सुनील सागर महाराज का होगा आगमन

## 62 वर्षों बाद आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा को लेकर चल रही व्यापक तैयारियां

**कामां. शाबाश इंडिया।** धार्मिक व पौराणिक नगरी,आदिनाथ भगवान तलघर वाले बाबा अतिशय क्षेत्र एवं जैन साध्वी प्रथम गणिनी आर्यिका रत्न विजय मति माताजी की जन्मभूमि कामवन कामां की धरा पर दिगम्बर जैनाचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन फरवरी माह में10 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा जिसको लेकर जैन समाज मे जबरदस्त उत्साह अभी से नजर आने लगा है। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि कामां की धरा पर 62 वर्षों के पश्चात यह महा आयोजन होने जा रहा है पूर्व में पंचायत समिति प्रांगण में दिगंबर जैन आचार्य विमल सागर महाराज के सानिध्य में ऐतिहासिक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित हुआ था तब कामां में आये हेलीकॉप्टर व हाथियों पर निकली सवारी को लेकर लोगो मे बड़ा कौतूहल रहा था।इतिहास पुनः दोहराया जाएगा तब आचार्य विमलसागर व विजयमती माताजी की परंपरा के सन्त आचार्य सुनील सागर महाराज का संघ सहित कामां में आगमन होगा। विजयमती माताजी की जन्मस्थली है कामां महोत्सव समिति के अनिल लहसरिया, पंकज जैन के अनुसार कामां जैन धर्म की सर्वोच्च साध्वी व प्रथम गणिनी विजयामती की जन्मस्थली है उन्होंने संतोषी लाल बड़जात्या व माता चिरोंजी देवी की कुक्षी से जन्म लेकर संपूर्ण भारतवर्ष में जैन धर्म की पताका लहरा कर कामां का गौरव बढ़ाया। उन्होंने लगभग 300 से अधिक ग्रन्थों की रचना की। उन्हें जीवंत जिनवाणी के नाम से भी जाना जाता था। महोत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र जैन बड़जात्या के अनुसार माँ विजयामती गुरु मन्दिर का निर्माण भी हो रहा है जिसमे माताजी की प्रतिमा भी विराजमान की जाएगी।



## वेद ज्ञान

### संसार परिवर्तनशील है

यह संसार परिवर्तनशील है। इस संसार में कोई किसी का नहीं है। आप स्वयं में अकेले थे, हैं, और रहेंगे। जगत में संबंध बनते, बिगड़ते रहते हैं। स्मरण करें, जब आप प्रथम बार विद्यालय गए थे। दाखिला लेने के बाद उस विद्यालय में कितने लोगों से संयोग बना। कालांतर में धीरे-धीरे आगे बढ़ते गए, नए-नए संबंध बनने लगे और पुराने टूटते गए। जगत में रहते हुए संयोग बनते ही रहते हैं और बिगड़ते भी जाते हैं। जब संयोग बना, तब भी आप थे और जब वियोग हुआ, तब भी आप ही स्वयं थे, उसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आप वहीं के वहीं रहे। आपका अस्तित्व किसी के साथ संबंध बनने व समाप्त हो जाने के अधीन नहीं है। संयोग बनना व वियोग होना तो सांसारिक प्रपंच मात्र है। हां, संसार में जीवित रहने पर लोगों से संबंध बनते अवश्य हैं, परंतु यह संदेह रहित है कि सत्यस्वरूप आप अकेले थे और अकेले ही रहेंगे। मनुष्य का पारिवारिक संबंध जिसे अति आत्मीय व रक्त का संबंध कहा जाता है, जो सांसारिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण व सशक्त माना जाता है, ये संबंध भी स्थाई नहीं हैं। इस सत्यता का प्रकटीकरण तभी हो पाता है, जब कोई सबसे निकटतम प्रियजन जिससे कोई मनुष्य अतिस्नेह करता हो, जिसे अपना कहते-कहते उसकी जीभ थकती नहीं, जब वह इस संसार से विदा हो जाता है, तब उस मनुष्य के मस्तिष्क को जोरदार झटका लगता है और यह सच्चाई प्रकट हो जाती है कि इस जगत में कोई किसी का नहीं है। सभी इस जीवन के मार्ग में सफर करते हुए यात्री मात्र हैं। तभी वह सोते से जागता है। ढका हुआ सत्य पूर्ण रूप से प्रकट होकर सामने आ जाता है। वह ठहरकर सोचने लगता है कि अरे मैंने तो सोचा था कि संसार से विदा हो जाने वाले से हमारा कभी संबंध विच्छेद होगा ही नहीं, यह केवल मेरा मिथ्या भ्रम ही था। इस सांसारिक जीवन यात्रा में लोग बदलते हैं, समाज बदलता है और दुनिया बदलती है, मनुष्य का समय व आयु भी परिवर्तित हो जाती है, परंतु सत्य स्वरूप आप स्वयं के स्वयं ही रहते हो।

## संपादकीय

### पहाड़ों के मौसम का बिगड़ता मिजाज...

पहाड़ मैदानों के मौसम का मिजाज साधने में मदद करते हैं। बादलों के बरसने, हवाओं में नमी भरने, नदियों को सदानीरा बनाए रखने में पहाड़ों का बड़ा योगदान होता है। उनकी हरियाली सैलानियों का मन तो मोहती ही है, अनेक औषधीय वनस्पतियां भी सहेजती है। मैदानी भागों की कृषि काफी कुछ पहाड़ों से पोषण पाती है। मगर जलवायु परिवर्तन के चलते अब पहाड़ खुद बंजर होने की तरफ बढ़ चले हैं। उत्तराखंड में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एक शोध से पता चला है कि इस वर्ष पिछले चालीस वर्षों की तुलना में वर्षा स्तर में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई है। न्यूनतम तापमान में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, जिसके चलते तराई क्षेत्रों में फसलों के समय से पहले पकने और उत्पादन में कमी आने की आशंका गहरी हो गई है। शोध में वर्षा के स्तर, धूप की अवधि और वाष्पीकरण की दर पहले की तुलना में काफी घट गई है। इन स्थितियों में फिलहाल सुधार की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही। इसी तरह इस वर्ष जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर अभी तक बर्फ नहीं गिरी है। कश्मीर के जिस गुलमर्ग इलाके में इस समय बर्फ की मोटी चादर पसरी होती थी, वहां सूखा पसरा है। यही हाल हिमाचल के पहाड़ों का है। पहाड़ों पर इस पारिस्थितिकी असंतुलन के पीछे अलनीनो प्रभाव बड़ा कारण माना जा रहा है। मौसम में शुष्कता होने की वजह से पहाड़ों पर सूखी ठंड पड़ रही है। इससे पहाड़ी इलाकों में पहुंचे सैलानियों में तो निराशा नजर आ ही रही है, कृषि उत्पादन में कमी को लेकर भी चिंता गहराने लगी है। दरअसल, धूप के घंटों और वाष्पीकरण में कमी के चलते पहाड़ी इलाकों में बादल नहीं बन पा रहे, जिससे वहां वर्षा कम हुई है। माकूल बरसात न होने से बर्फ भी नहीं पड़ रही। बर्फ कम पड़ेगी तो प्राकृतिक जल स्रोतों का स्तर भी घटेगा। पहले ही कई पहाड़ों की झीलों, जलकुंडों आदि में जल स्तर घटने के तथ्य सामने आ चुके हैं। ताजा अध्ययनों से यह स्थिति और चिंता बढ़ा सकती है। पहाड़ों पर बिगड़ते पारिस्थितिकी संतुलन, अतार्किक ढंग से चलाए जा रहे विकास कार्यों के कारण भंगुर पहाड़ों पर अनेक भयावह नतीजे देखे जा चुके हैं। उनसे पार पाना बड़ी चुनौती है। अब उन पर बढ़ता बंजरपन नए संकट झेलने को मजबूर कर सकता है। बढ़ते तापमान और सर्दी की अवधि में निरंतर संकुचन से गेहूं और कई दलहनी फसलों के उत्पादन में हर वर्ष कुछ कमी दर्ज हो रही है। अनियमित और असंतुलित वर्षा के कारण धान और तिलहनी फसलों का उत्पादन भी घट रहा है। ऐसे में पहाड़ों के मौसम का बिगड़ता मिजाज मैदानी इलाकों की मुश्किलें और बढ़ाएगा। मगर विडंबना है कि रोज-रोज उठ खड़े हो रहे संकटों और उनकी वजहों की जानकारी प्रकट होने के बावजूद अपेक्षित जागरूकता कहीं नजर नहीं आती। पहाड़ों और वनों की कटाई, औद्योगिक विकास के नाम पर पारिस्थितिकी के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में निर्माण कार्यों को छूट दी जा रही है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### ढाका में फिर हसीना

बांग्लादेश में 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को मिली भारी विजय के गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी समेत एक दर्जन से भी अधिक राजनीतिक दलों के चुनाव बहिष्कार और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए बांग्लादेशी अधिकारियों के विरुद्ध विशेष वीजा नीति जैसे दवाबकारी अमेरिकी कदमों के बावजूद बांग्लादेश के मतदाताओं ने 12वीं संसद के लिए स्पष्ट जनादेश दिया है और अपने भविष्य की डोर अवामी लीग को सौंप दी है। 300 सदस्यों वाली जातीय संसद में 222 सीटें जीतने वाली अवामी लीग की मुखिया शेख हसीना पांचवीं बार अपने देश की बागडोर संभालेंगी और यह एक ऐसी उपलब्धि है, जिससे किसी भी लोकतांत्रिक देश के नेता को रश्क होगा। भारत हमेशा से एक स्थिर और समर्थ बांग्लादेश का हिमायती रहा है, ऐसे में स्वाभाविक ही था कि चुनाव नतीजे आने के फौरन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शेख हसीना व बांग्लादेश के अवाम को अपनी मुबारकबाद देते हुए दोनों देशों के रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाने का इरादा जताया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री पहले ही सबसे करीबी पड़ोसी भारत के प्रति आभार जता चुकी थीं। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि शेख हसीना को मिली इस लगातार चौथी जीत में बांग्लादेश की सुधरती आर्थिक स्थिति का बड़ा योगदान है। इसके कारण ही मानव विकास की विभिन्न कसौटियों पर इसका प्रदर्शन सुधरा है। जो बांग्लादेश एक समय विश्व के सबसे पिछडे.देशों में शुमार था, पिछले दो दशकों में उसने शानदार तरक्की की है और इसका अंदाजा सिर्फ इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि जीडीपी के आधार पर वह आज दुनिया की 35वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। जाहिर है, इन दो दशक में से डेढ़ दशक सत्ता शेख हसीना के हाथों में रही। हसीना जानती हैं कि यदि लोगों की माली हालत सुधरती रहे, तो उनका भरोसा जीतना आसान हो जाता है। इसीलिए उन्होंने जीत के बाद सोमवार को दोहराया कि अगले पांच वर्षों में उनकी पहली प्राथमिकता देश की आर्थिक तरक्की में और तेजी लाने की होगी। मगर इस बड़ी जीत के बावजूद वह इस बात को नकार नहीं सकतीं कि बांग्लादेश में विपक्ष को भरोसे में लेने में वह बुरी तरह नाकाम रही हैं। निस्संदेह, इसके लिए बीएनपी और दूसरी सियासी जमातों का अड़ियल रवैया भी जिम्मेदार है। मगर बांग्लादेश इस तथ्य को झुठला नहीं सकता कि वहां मतदान प्रतिशत आज भी बहुत कम लगभग 40 फीसदी है। ऐसे में, उसे एक लोकतंत्र के तौर पर सम्मान के लिए चीन व रूस जैसे देशों के प्रमाणपत्र की नहीं, बल्कि भारत, अमेरिका, ब्रिटेन व यूरोपीय देशों के उदार लोकतंत्रों की स्वीकृति व सहयोग की ज्यादा जरूरत होगी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के जीवन का यह संभवतः सबसे अहम कार्यकाल है, क्योंकि इसके खत्म होने तक वह अस्सी वर्ष की आयु पार कर जाएंगी। इस दौरान देश को आगे ले जाने के साथ-साथ उन्हें पार्टी में अपने उत्तराधिकारी के मुद्दे को भी सुलझाना होगा। शेख हसीना के पास एक ऐतिहासिक अवसर है कि वह बांग्लादेश को एक ऐसे परिपक्व लोकतंत्र के रूप में तब्दील कर सकें, जिसमें विपक्ष की आवाज को निर्बाध अभिव्यक्ति का मौका मिले; जहां चुनाव हिंसा से पूरी तरह मुक्त हों और अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के हितों का हर सूरत में संरक्षण किया जाए।

# विख्यात अर्थशास्त्री सुरेश पाल सेठी का लाडनूं में किया अभिनंदन



**राज पाटनी. शाबाश इंडिया**

लाडनूं। दिगंबर जैन समाज के सदस्य अमेरिका प्रवासी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात अर्थशास्त्री, गणितज्ञ, प्रबंधन विशेषज्ञ व औद्योगिक तकनिज्ञ सुरेश पाल सेठी ने लाडनूं के जैन मंदिरों के दर्शन किए। इस अवसर पर लाडनूं की जैन समाज के सदस्यों ने उनका स्वागत सत्कार अभिनंदन किया। सुरेश पाल सेठी की प्रारंभिक शिक्षा लाडनूं में हुई व पिछले कई दशकों से अपने परिवार सहित अमेरिका के डलास में निवास कर रहे हैं। उन्हें अपने विषयों से संबंधित व्याख्यान के लिए दुनियाभर में आमंत्रित किया जाता रहा है। लाडनूं जैन समाज के सदस्य राज पाटनी ने बताया कि सुरेश पाल सेठी संचालन प्रबंधन के यूजीन मैकडरमॉट अध्यक्ष हैं और अमेरिका के डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर इंटेलिजेंट सप्लाई नेटवर्क्स के निदेशक हैं। उन्होंने निर्माण और संचालन प्रबंधन, वित्त और अर्थशास्त्र, विपणन, औद्योगिक इंजीनियरिंग, संचालन अनुसंधान और इष्टतम नियंत्रण के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है।

# काली कमली बाबा की बगीची में पौषबडा महोत्सव आयोजित



**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

सीकर। कुदन काली कमली बाबा की बगीची में पोष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री नाथजी महिला सत्संग मण्डल भक्तों के सहयोग से हुआ। बगीची में भोग लगाकर प्रसादी बांटी गई। प्रसाद ग्रहण करके भक्तजन बहुत प्रसन्न थे। मुन्नी देवी चादपोता ने बताया की ऐसा कार्यक्रम हर साल करते हैं। सुगना देवी, अनार देवी, तारा देवी, सुमित्रा भाटी, सुमित्रा मिल, पार्वती देवी, सन्तोष देवी, दुर्गा देवी, सुमन देवी, विधा देवी, सरोज देवी, पुजा राकेश भाटी, चिरंजीलाल शर्मा, कमल इन सभी का बहुत सहयोग रहा इस आयोजन में संत सतवीर नाथजी महाराज जी शामिल रहे।साथ में भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी रखा गया।

# लीनेस क्लब स्वरा का भव्य शपथग्रहण समारोह आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लीनस क्लब जयपुर स्वरा का शपथ ग्रहण समारोह आरोहण खछठ मार्ग स्थित पाँच सितारा होटल में सम्पन्न हुआ। संस्थापक अध्यक्ष स्वाति जैन ने बताया कि निशा जैन ने अध्यक्ष और मानसी गर्ग ने सचिव पद की शपथ ली। क्लब एडवाइजर अंजू जैन के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत डॉ राजीव जैन एव विश्वास- चंचल जैन ने दीपप्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में भारत के 8 राज्यो राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, बंगाल, गुजरात एव दक्षिण भारत की संस्कृतियो को लोक नृत्य के माध्यम से दर्शाया गया। डिस्ट्रीक्ट प्रेसिडेंट अनुभा जैन और अंजना जैन भी इस अवसर पर मौजूद रही। नवनियुक्त अध्यक्ष ने अपने उदबोधन में आगे प्रस्तावित सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा सदस्यों के सम्मुख रखी। चार्टर प्रेसिडेंट स्वाति जैन द्वारा विगत दो वर्षों में किये गए आयोजन को स्लाइड शो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया जिसकी अनुमोदना सदन द्वारा कर्तलध्वनि से की गयी। नरेंद्र जैन और नितिन गर्ग और हेमा हरचंदानी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नवीन कार्यकारिणी में शिखा बाकलीवाल ने कोषाध्यक्ष, सुनीता जैन और पूनम सक्सेना ने सहसचिव और मोना जैन, ममता जैन और नीतू बाकलीवाल ने उपाध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला।

# अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी नाटाणी, महामंत्री योगेंद्र लाभी बने

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ जयपुर की नई कार्यकारिणी 2024- 26 की घोषणा रविवार दिनांक 7 जनवरी 2024 को श्री गंगा माता परिसर में आयोजित बैठक में की गई। नई कार्यकारिणी की घोषणा संस्था के संरक्षक नरेश सोंखिया द्वारा की गई। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद का दायित्व कुंज बिहारी नाटाणी, महामंत्री दायित्व योगेंद्र लाभी, कोषाध्यक्ष सुरेश पाटोदिया ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीए दिनेश कुमार नाटाणी , उपाध्यक्ष दायित्व सतीश बूसर ,संजय मेठी, भारत बडगोती , संगठन मंत्री सीए ऋषि कुलवाल, सांस्कृतिक मंत्री गोविंद कट्टा, मीडिया प्रभारी सीए कुलदीप गुप्ता एवम् प्रचार प्रसार का दायित्व आनंद महरवाल को दिया गया। संगठन विभिन्न क्षेत्रों में बंटा हुआ है इसके क्षेत्रीय मंत्रीयों और सह क्षेत्रीय मंत्रीयों की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने परिवार सहित पौष बड़ा प्रसादी और खेल खुद का आनंद लिया ।



# अतिशय क्षेत्र निमोला जिला टोंक में पार्श्वनाथ जयन्ती पर वार्षिक मेले में हुआ इंजीनियर पी सी छाबड़ा का अभिनंदन





**निमोला, टोंक. शाबाश इंडिया**


श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र निमोला जिला टोंक में पार्श्वनाथ जयन्ती पर वार्षिक मेला आयोजित किया गया। पार्श्वनाथ जयन्ती पर रात्रि जागरण, नोफन की चमत्कारिक प्राचीन मूर्ति का अभिषेक एवं कलशाभिषेक किया गया। हर वर्ष की भांति वार्षिक मेले का आयोजन प्रबन्ध कमेटी के द्वारा धूम धाम से सम्पन्न हुआ। मेले मे अध्यक्ष कपूर चन्द पाटोदी एवं मंत्री बाबूलाल लाल जैन राणोली ने बताया कि मेले के मुख्य अतिथि प्रधान श्रीमती सरोज बंसल थी जिनके सहयोग से निमोला का भारी विकास हुआ। समारोह के विशिष्ट अतिथि इन्जी पीसी छाबड़ा थे।जिनका योगदान प्रारम्भ से ही समय समय पर इस अतिशय क्षैत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। अन्य के अलावा तेजमल जैन एडवोकेट सरपंच ग्राम पंचायत निमोला भूत पूर्व अध्यक्ष पदम चन्द जैन सुरेन्द्र मोहन जैन एडवोकेट मालपुरा प्रकाश पटवारी भी मोजूद थे। भारी संख्या में यात्रीगण दर्शनार्थ व मेलें में सम्मिलित हुए: मेले में कई नयी नयी योजनाएं प्रारम्भ कि गई जिसमें भगवान पार्श्वनाथ के 2900 वे जन्म जयंती पर प्रत्येक दिन पूजा अभिषेक के लिए वर्ष भर प्रत्येक सप्ताह का कुल 52 सप्ताह के लिए दान दाताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा कुछ ही क्षणों में 52 से भी ज्यादा नाम दान दाताओं के प्राप्त हो गये जिसके लिए रुपए 2900 की राशि रखी गई। इसी प्रकार क्षेत्र पर विधानों के लिए काफी दान दाताओं ने अपनी अपनी स्वीकृति प्रदान की यह भी निर्णय लिया गया कि यहां एक हाल बनाया जायेगा। मेले में भारी भीड़ थी तथा सभी में विकास के प्रति उत्साह भरा हुआ था। कार्यक्रम पश्चात भगवान का कलशाभिषेक हुआ।

# दूसरों को सुखी देखकर सुख मानना ही सच्ची मानवता है : आर्यिका विज्ञाश्री माताजी




**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ , गुंसी (राज.) में साधनारत आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में जन्मदिन पर आज की शांतिधारा कराने का सौभाग्य गुरु भक्त सुरेश जोड़ला सावर वालों ने प्राप्त किया ।मालवीय नगर जयपुर की समाज ने पूज्य माताजी की आहारचर्या कराने का सौभाग्य प्राप्त किया ।प्रातःकालीन बेला में स्वाध्याय के दौरान गुरुभक्त विजय गंगवाल चाकसू ने धर्म का सदुपदेश प्राप्त किया। माताजी ने कहा कि - कभी - कभी हम अपने सुख के लिए दूसरों को दुःखी कर देते है और उसका सुख छीनने का प्रयास करते हैं ।क्या यह प्रवृत्ति मानवता की परिधि में आती है ? जीवन में ऐसी स्थितियां एवं घटनाएं होना सामान्य बात है। यह नहीं सोचा जा रहा कि ऐसी घटनाओं और प्रवृत्तियों के बढ़ने से क्या हम सब सुरक्षित रह पायेंगे। जब बलवान निर्बल को दबाएगा तो अत्याचार बढ़ेगा ।हम वास्तविक रूप से तभी सुखी होंगे जब हमारा पड़ौसी सुखी रहेगा यह सिद्धांत की बात है। आगामी 14 जनवरी मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर गुरु माँ के विशेष प्रवचन का लाभ सभी जैन एवं जैनेत्तर समाज को मिलने जा रहा है।



# हमारा ब्लड प्रेशर नहीं बढ़े इसके लिए हमें क्या करना चाहिए?



ब्लड प्रेशर न बढ़ने के लिए, आपको स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जरूरत है। यह एक ऐसी जीवनशैली है जो आपके दिल, रक्त वाहिकाओं और समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो।

यहां कुछ विशिष्ट चीजें दी गई हैं जो आप ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए कर सकते हैं...

### स्वस्थ आहार खाएं

अपने आहार में ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन शामिल करें। सोडियम, चीनी और संतृप्त वसा का सेवन सीमित करें। नियमित रूप से व्यायाम करें। हर हफ्ते कम से कम 150 मिनट मध्यम-तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम करें या 75 मिनट की उच्च-तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम करें। मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए सप्ताह में कम से कम दो बार शक्ति प्रशिक्षण भी करें। अपनी वजन को नियंत्रित करें। यदि आपका वजन अधिक है या मोटापे से ग्रस्त है, तो इसे कम करने का प्रयास करें। प्रत्येक पाउंड वजन घटाने से आपका रक्तचाप 1 से 2 पॉइंट कम हो सकता है। धूम्रपान न करें। धूम्रपान रक्तचाप को बढ़ा सकता है। यदि आप धूम्रपान करते हैं, तो इसे छोड़ने के लिए योजना बनाएं। पर्याप्त नींद लें। हर रात 7-8 घंटे की नींद लें। नींद की कमी रक्तचाप को बढ़ा सकती है। यदि आपके पास पहले से ही उच्च रक्तचाप है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण है। आपके डॉक्टर आपको दवा लेने की आवश्यकता हो सकती है। यहाँ कुछ अतिरिक्त सुझाव दिए गए हैं जो आपको अपने रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं: तनाव को कम करें। तनाव रक्तचाप को बढ़ा सकता है। तनाव प्रबंधन तकनीकों का अभ्यास करें, जैसे कि योग, ध्यान या प्रशिक्षित चिकित्सक से बात करना। नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करवाएं। अपने रक्तचाप की नियमित रूप से जांच करवाना महत्वपूर्ण है ताकि, आप यह सुनिश्चित कर सकें कि यह नियंत्रण में है। अपने रक्तचाप को नियंत्रित करना आपके स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। यह दिल की बीमारी, स्ट्रोक और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है।



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर। 9828011871

## पूज्य क्षुल्लक 105 श्री उपहार सागर जी महाराज की समाधि सम्मेद शिखर जी में हुई



**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया।** पूज्य गुरुवर 108 विमल सागर जी महाराज के अंतिम दीक्षित शिष्य उपाध्याय श्री 108 ऊर्जयन्त सागर जी मुनिराज के प्रथम दीक्षित शिष्य पूज्य क्षुल्लक105 उपहार सागर जी महाराज की समाधि तीर्थ राज सम्मेद शिखर जी में शान्त परिणामों से हो गई है।

उठावना



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय
**श्री सुभाष चंद जी कांस्टिया**
(ब्यावर वाले) का स्वर्गवास दिनांक 12 जनवरी 2024 को प्रातः हो गया है।
उठावना (आगमन-प्रस्थान) दिनाक 13 जनवरी 2024 को
दोपहर 4:00 से 4:30 बजे मोती डूंगरी दादाबाड़ी पर रखा गया हैं।
शोकाकुलः शकुन्तला देवी(धर्मपत्नी), संदीप - अल्पना (पुत्र - पुत्रवधू), उर्वशी, मानसी (पोत्री), निर्मल, नवीन, कमल, दिलीप, विपिन (भाई) एवं समस्त कांस्टिया परिवार। सीमा (पुत्री) तरुण - पायल ( दोहिता - दोहिता वधु) भागचंद जी चपलोत(बहनोई) ऋषभ, CA सिद्धार्थ (भांजे)। ससुराल पक्षः योगेश कुमार, राजेंद्र कुमार, निर्मल कुमार बरडिया (मदनगंज किशनगढ़ )।
9829209657 , 9928451102

# श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में युवा दिवस के उपलक्ष पर करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वावधान में करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग पर एक सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय सभागार में प्रातः 10 बजे से किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमए हरेन्द्र पारीक (चैयरमेन - सीएमए चैप्टर जयपुर) एवं सीएमए रूपेष कोठारी (सचिव - सीएमए चैप्टर ब्यावर) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सीएमए हरेन्द्र पारीक ने विद्यार्थियों को करियर में आगे बढ़ने हेतु प्रेरणादायक सूत्र देते हुए कहा कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते है।हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना है यह मालूम नहीं। उन्होनें विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में महत्वपूर्ण क्या है यह जानना जरूरी है। उन्होनें वाणिज्य क्षेत्र में करियर चुनाव से पहले सीएमए, सीएस एवं सीए के संदर्भ में विविध रोजगार के अवसर, उनसे जुड़े वेतन एवं सम्मान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीएमए रूपेश कोठारी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सौभाग्यशाली है कि आप लोगों की काउंसलिंग होती है और आप इसकी सहायता से सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र एवं उससे जुड़ी जॉब सिक्योरिटी से अवगत होकर सही चुनाव कर सकते है हमारे समय में ऐसा नहीं था । कार्यक्रम का संचालन करते हुए सीएमए ज्योति माहेश्वरी ने विद्यार्थियों से मार्गदर्शन व काउंसलिंग में बताए गए बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने के लिए प्रयासरत रहने हेतु प्रेरित किया एवं उपस्थित सभी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। एनएसएस अधिकारी श्रीमती प्रीति शर्मा व श्रीमती कोमल गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया । श्रीमती प्रीति शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि युवा राष्ट्र निमार्ता होते है । अतः युवाओं को राष्ट्र के विकास में हमेशा अग्रणी रहना चाहिए। उन्होनें कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस भारत में उन युवाओं व नौजवानों को समर्पित एक खास दिन है, जो देश के भविष्य को बेहतर और स्वस्थ बनाने की क्षमता रखते है। श्रीमती कोमल गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद से जुड़ी गतिविधियों से स्वयंसेविकाओं को अवगत कराया तथ उनके विषय में सर्व धर्म सम्मेलन जो कि शिकागो में आयोजित हुआ था उसके विषय में विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। छात्राओं ने स्वामी जी के शिकागो भाषण की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान हार्टफुलनेस के डॉ पंकज लाखोटिया एवं हेमंत शर्मा द्वारा ध्यान योग क्रिया का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की सभी छात्राएं एवं समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जैन राजनेतिक चेतना मंच राजस्थान के प्रवक्ता राजाबाबु गोधा ने की भेंट



**फागी. शाबाश इंडिया।** जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दिगंबर जैन महासभा के प्रतिनिधि एवं जैन राजनेतिक चेतना मंच के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने शिष्टाचार भेंट की । गोधा ने समाज की ओर से जैन समाज का अहिंसा परमो धर्म का दुपट्टा पहना कर मुख्यमंत्री महोदय का भाव भीना अभिनंदन किया। इस अवसर पर गोधा ने मुख्यमंत्री को श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गुण सागर आराधना अतिशय क्षेत्र गुणस्थली चकवाड़ा में पधारने हेतु आमंत्रित किया । कार्यक्रम में दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकेश मेहता, जैन राजनीतिक चेतना मंच राजस्थान के अध्यक्ष मुकेश चेलावत, जयपुर की प्रसिद्ध होटल लैंडमार्क के प्रबन्धक ओमप्रकाश गर्ग , तथा टयूर एंड ट्रेवल्स के डायरेक्टर मानवेंद्र कुमार सिंघल सहित अन्य गण मान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ का पतंग उत्सव संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ का पतंग उत्सव कार्यक्रम पांड्या कॉम्प्लेक्स मनिहार के रास्ते में संपन्न हुआ। ग्रुप अध्यक्ष राहुल जैन ने बताया कि सभी सदस्यों ने पतंग उत्सव एवं आतिशबाजी का आनंद उठाया नई एवं पुराने गानों पर लोहड़ी का आनंद




उठाया।मुख्य समन्वयक संजय विजय काला ने बहुत ही रोचक एवं अनोखे अंदाज में आकर्षक हाउजी खिलाई। दिनेश अलका जैन द्वारा आकर्षक गेम्स का आयोजन किया। गेम्स के पारितोषिक महेंद्र रेखा जैन द्वारा दिए गए। कार्यक्रम के संयोजक संजय निशा, सह संयोजक अमन आस्था, गिर्राज शालू वं कुलदीप नीतू थे। नए सदस्यों का स्वागत मनीष किरण झंझरी संस्थापक अध्यक्ष, अभय अंजना गंगवाल ,संजय संगीता जैन पूर्व अध्यक्ष, सुकेश सपना काला संगठन मंत्री द्वारा किया गया। विशुतोष नीति चादवाड की शादी के सालगिरह के अवसर पर एवं महेंद्र जैन के जन्म दिवस के उपलक्ष में केक काटा गया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com